यूरिया शीरा खनिज ब्लॉक

(डेरी पशुओं के लिए एक टानिक)

डा0 अंशु रहल, डा0 रिपुसूदन कुमार एवं डा0 एस0 सी0 त्रिपाठी
पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय
गो0ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,पन्तनगर– 263145 (ऊधमसिंह नगर)

पर्वतीय क्षेत्रों में चारे की कम उपलब्धता पशुपोषण की एक चुनौती पूर्ण समस्या है। इस समस्या को जन्म देने वाली भौगोलिक परिस्थितियों से पहाड़ी क्षेत्रों में उत्पादक पशुओं को संतुलित व भरपेट भोजन उपलब्ध नही हो पाता है। फसल अवशेष जैसे – भूसा, पुआल व सूखी घास में प्रोटीन तथा खनिज तत्वों की मात्रा बहुत कम होती है। इसलिये फसल अवशेष व सूखा चारा सामान्य पशु के रखरखाव के लिए पर्याप्त नहीं होते हैं और उनमें कुपोषण के लक्षण दिखाई देते है। इस स्थिति में पशु दुर्बल एवं अनुत्पादक होने लगते हैं, क्योंकि उनको पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती है जबकि तराई क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में फसल अवशेष उपलब्ध है। पर्वतीय क्षेत्रों में पशुओं की इस ज्वलंत समस्या को देखते हुए एवं कृषकों की सुविधा तथा सस्ते साधन से पशुधन को स्वस्थ और उत्पादक बनाये रखने के लिए सम्पूर्ण आहार ब्लाक एवं यूरिया–शीरा–खनज ब्लॉक बनाया जाता है।

इस ब्लॉक को खिलाने का प्रमुख उद्देश्य सूखे चारे की पाचकता बढ़ाना है जिससे पशु अधिक शुष्क पदार्थ का प्रयोग कर सकता है। परन्तु यह ब्लॉक हरे चारे का पूरक नहीं हो सकता।

खिलाने के लाभ :

- सूखे चारे की उपयोगिता बढाने के साथ–साथ हरे चारे की कमी वाले क्षेत्रों मे अधिक उपयोगी।
- ब्लॉक द्वारा पशुओं को उर्जा, प्रोटीन, विटामिन एवं खनिज की समुचित पूर्ति।
- भूसे व अन्य कम गुणवत्ता वाले चारे की गुणवत्ता में वृद्वि
- दुग्ध उत्पादन व दूध में वसा की प्रतिशत में वृद्धि ।
- पशुओं की शारीरिक एवं प्रजनन क्षमता में वृद्वि एवं प्रजनन प्रक्रिया को नियमित करने में सहायक।

खिलाने की विधि :

- यूरिया–शीरा–खनिज ब्लॉक को हमेशा सूखे चारे के साथ ही खिलाएँ क्योंकि केवल ब्लॉक खिलने से यूरिया की विषाक्तता हो सकती है।
- प्रारंम्भ में ब्लॉक आहार के साथ कम मात्रा में चाटने के लिये दें और जब पशु इसे स्वतः ही चाटने लगे तो पूरी मात्रा में दें।
- ब्लॉक को नमी सोखने से बचाने के लिए उसे उपयुक्त सूखे स्थान पर रखें।
- 2 कि.ग्रा. का ब्लॉक एक वयस्क पशु के लिए 10–12 दिन के लिए पर्याप्त होता है।
- एक वयस्क गाय/ भैंस को 150–200 ग्रा. ब्लॉक प्रतिदिन चटाया जा सकता है।

- अवयस्क गाय, भैंस, बकरी, भेंड़ आदि को 50–70 ग्राम प्रतिदिन चटाया जा सकता है।

किन पशुओं को खिलाएँ : वयस्क गाय, भैंस, भेड़ व बकरी एवं भारी कार्य करने वाले पशु।

प्रयोग में आने वाले खाद्य पदार्थ : अनाज, शीरा, यूरिया, चावल/गेहूँ चोकर, विभिन्न प्रकार की खलीं, एग्रो–इण्स्ट्रीयल अवशेष, साधारण नमक, खनिज मिश्रण आदि।

खिलाने में महत्वपूर्ण सावधानियाँ :

- 6 माह की आयु से कम उम्र वाले पशुओं को न खिलाएँ।
- घोडा, गधा, खरगोश, सूकर, मुर्गी आदि को न खिलायें।
- ब्लॉक पशु के सामने चारे के साथ चाटने के लिए रखें, काटकर या पानी में घोलकर न खिलायें इससे विषाक्तता हो सकती है।
- पशुओं को पीने का स्वच्छ पानी हर समय उपलब्ध होना चाहिए ।
- ब्लॉक को नमी, पानी, धूल, गोबर व मूत्र से बचाएँ एवं सूखे स्थान पर रक्खें।
- ब्लॉक केवल पूरक की तरह कार्य करता है अतः इसे हमेशा सूखे चारे के साथ ही खिलायें।
- ब्लॉक को कभी भी यूरिया उपचारित चारे के साथ न खिलायें।

यूरिया–शीरा–खनिज–ब्लॉक (अवयव संगठन)

खाद्य अवयव	मात्रा (प्रतिशत)
शीरा	40
यूरिया	08
रातिब मिश्रण	35
खनिज मिश्रण	06
साधारण नमक	04
बाइडिंग एजेन्ट	07
कुल	100

सम्पूर्ण आहार ब्लॉक

सम्पूर्ण आहार ब्लॉक एक ऐसा पशु आहार है जिसमें निर्धारित मात्रा में सभी खाद्य पदार्थ जैसे सूखा चारा, दाना तथा उनके उप उत्पाद, तेल रहित खल, शीरा नमक खनिज मिश्रण तथा यूरिया (0.5 प्रतिशत) आदि मिलाकर एक ब्लाक (पिंड) के रूप में किसानों को उसके पशुओं के लिए उपलब्ध कराया जाता है। इससे पशुओं को सभी पोषक तत्वों की पूर्ति होती है।

खिलाने के लाभ

- स्थानीय कम पचनीय चारे तथा अनाजों के उप उत्पादों की उपयोगिता बढ़ाता है।
- आहारीय समस्याओं का निदान
- उत्तम पशु स्वास्थ
- प्रजनन क्षमता में वृद्धि एव प्रजनन प्रक्रिया को नियमित करने में सहायक
- दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध वसा की प्रतिशत में वृद्धि
- आहार पर होने वाले खर्चे में कटौती
- उपरोक्त के अतिरिक्त इसकी पैकिंग, उपयोग, वितरण एवं भण्डारण भी आसान रहती है।

खिलाने की विधिः

ब्लॉक को पशु की नाद में तोड़कर उस पर थोड़ा स्वच्छ पानी छिड़क दें इसको पशु बड़े चाव से खायेगा। पशु को शुरू के दो तीन दिन ब्लॉक का स्वाद पहचानने में लगा सकता है।

खिलाने में सावधानियॉं

- वयस्क गाय, भैंस, 04 माह से अधिक उम्र की कटिया, बछिया आदि को खिलायें।
- नमी वाले स्थान से ब्लॉक को बचायें अन्यथा फफूंदी लग सकती है जिसके कारण ब्लॉक की गुणवत्ता में कमी आ सकती है तथा ब्लॉक विषाक्त भी हो सकता है।
- सम्पूर्ण आहार ब्लॉक पशुओं को आवश्यकतानुसार खिलायें।

सम्पूर्ण आहार ब्लॉक (अवयव संगठन)

खाद्य अवयव	मात्रा (प्रतिशत)
गेहूॅं का भूसा	43
रातिब मिश्रण	46
यूरिया	0.5
शीरा	07
साधारण नमक	0.5
बाइडिंग एजैंन्ट	03
कुल	100

नोटः उपरोक्त खाद्य पदार्थ की मात्रा बाजार में उनकी उपलब्धता तथा कीमत के अनुसार बदल सकते हैं। अधिक गुणवत्ता के लिए क्षेत्रीय पशुचिकित्सक की सलाह पशुपालकों को अवश्य लेनी चाहिए।